**7.1.11**

**Institution celebrates / organizes national and international commemorative days, events and festivals**

# Additional Information

**The additional information contains a Snapshot of following celebrations.**


| Name of the Activity | Page Number |
|---|---|
| Republic Day | 1 |
| World Cancer Day | 2 |
| National Science Day | 3 |
| International Women's Day | 4 |
| Labor Day | 5 |
| International Yoga Day | 6 |
| Independence Day | 7 |
| Teacher Day | 8 |
| Engineer Day | 9 |
| World Student Day | 10 |

# Republic Day Celebration

**Snapshot**

गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स खन्ना में मनाया गणतंत्र दिवस, छात्रों ने देशभक्ति के गीत गाकर दिया देश प्रेम का संदेश

## हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के, इस देश को रखना मेरे बच्चो संभाल कर

एजुकेशन रिपोर्टर | खन्ना

गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स खन्ना में गणतंत्र दिवस का पूरा दिन पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। समूह स्टाफ और बच्चों ने इस मौके पर देशभक्ति के गीत गाकर और देशभक्ति भरे गीतों पर डांस पेश करके माहौल को पूरी तरह से रंगारंग कर दिया। इस मौके पर हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल कर इस देश को रखना मेरे बच्चो संभाल कर, कर चले हम फिदा जान ओ तन साथियो और अन्य देश भक्ति के गाने गाए गए। देश को आजाद करवाने वाले इन महान सपूतों को श्रद्धांजलि देते हुए संस्थान एमडी गुरचरण सिंह ने कहा कि हम सब को उन देश भक्तों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए जिन्होंने अपने देश और उसके स्वाभिमान के लिए अपनी जान गंवाने में एक पल के लिए भी नहीं सोचा। उन्होंने कहा कि बेशक हमारे लिए इस आजादी का मूल्य पूरी तरह से समझना मुश्किल होगा क्योंकि हम शायद गुलामी का अर्थ पूरी तरह नहीं समझते हैं पर आजाद देश की तरक्की के लिए हमें सदा उन देश के महान सपूतों के कदमों पर चलना आवश्यक है। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह कहा कि आज हमारे सूबे के नौजवान नशे की दलदल में धंसते जा रहे हैं जो कि गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने समूह विद्यार्थियों और स्टाफ को अपील की कि नशे के कोढ़ को जड़ से उखाड़ने के लिए वो आगे आएं। इस अवसर पर समूह विद्यार्थियों और स्टाफ ने एक शपथ ली कि वो अपनी शिक्षा को देश की तरक्की के लिए आगे लेकर आएंगे। समारोह के अंत में राष्ट्रीय गीत गाया गया और सारे विद्यार्थियों में मिठाई भी बांटी गई।



गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स खन्ना

**Republic Day Celebration 2017**

## गुलजार ग्रुप में दिखी देशभक्ति की झलक

जासं, खन्ना: गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के परिसर में शनिवार को गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रमों में देशभक्ति के उत्साह के झलक देखने को मिला। कार्यक्रम का आगाज भारतीय तिरंगा को सलामी देकर किया गया। इसके बाद सभी छात्रों ने राष्ट्रगान किया और इसके बाद एनसीसी परेड हुई।

छात्रों ने गणतंत्र दिवस पर एक्सटेंपोर स्पीकिंग कोमा क्विज और स्लोगन राइटिंग जैसी विभिन्न सांस्कृतिक और साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से भारतीय संविधान के मूल्य पर अपने विचार व्यक्त किए। छात्रों ने राष्ट्र के प्रति अपनी देशभक्ति की भावनाओं को प्रकट करने के लिए तिरंगा पेंटिंग और तिरंगा केक बेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। संस्थान के चेयरमैन सरदार गुरुचरण सिंह ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा गणतंत्र दिवस हम सभी भारतीयों के अंदर हर्ष, उल्लास और नवीन चेतना का संचार करता है। संस्थान के कार्यकारी निदेशक सरदार गुरकीरत सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस भारत का राष्ट्रीय पर्व है और इसे सभी धर्मों के लोग समान भाव से मनाते है। उन्होंने कहा कि यह पर्व भारतीय जनमानस को एकता के सूत्र में पिरोता है।

**आयोजन**

- गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया
- क्विज और स्लोगन राइटिंग मुकाबले कराए



गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में आयोजित समारोह के दौरान स्टाफ और विद्यार्थी • जागरण


DAINIK JAGRAN 26/1/20 (4)

**Republic Day Celebration 2020**

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS KHANNA-LUDHIANA

# <u>World Cancer Day</u>

**Snapshot**







**World Cancer Day 2021**

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS
KHANNA-LUDHIANA

# National Science Day Celebration

**Snapshot**

## मॉडल्स और पोस्टरों के प्रोजैक्ट्स की लगाई प्रदर्शनी





गुलजार कालेज के डायरेक्टर गुरकीरत सिंह व अन्य प्रोग्राम का उद्घाटन करते हुए और विद्यार्थी अपना प्रोजैक्ट पेश करते हुए। (कमल)

**◆ गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित**

खन्ना, 29 फरवरी (कमल): गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट खन्ना कैंपस के चंद्रशेखर वैंकटरमन ब्लाक में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रोजैक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई, इस दौरान क्विज और पोस्टर मेकिंग तथा अन्य मुकाबले करवाए गए। इस मौके पर विशेष अतिथि के तौर पर नैशनल बैंक फार एग्रीकल्चर एंड रूरल डिवैल्पमैंट (नाबार्ड) के प्रवीण भाटिया, नैशनल एस.सी.एस.टी. हब्ब दफ्तर के हैड रवि कांत और एम.एस.एम.ई. की महक जैन ने शमूलियत की। गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट के अपलायड साइंस, इंजीनियरिंग, मैनेजमैंट व प्रोफैशनल स्टडीज के विभागों ने अपने मॉडल्स और पोस्टरों के द्वारा प्रोजैक्ट्स की प्रदर्शनी लगाई, इसके माध्यम द्वारा विद्यार्थियों ने अपनी प्रैक्टिकल गतिविधियों संबंधित जानकारी दी। वहीं पोस्टर मेकिंग में विज्ञान और तकनीक के विभिन्न नमूनों को प्रदर्शित किया गया।

इस मौके पर विज्ञान और तकनीक के गुण और अवगुण, प्रदूषण और कृत्रिम उपग्रहों के प्रभाव शीर्षक वाले पोस्टर मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। पत्रकारिता और जन संचार विभाग के विद्यार्थियों द्वारा शुरू किए हैंड रिटन न्यूज, न्यूज बोर्ड का डिजीटाइज्ड का उद्घाटन भी किया गया। डिपार्टमैंट ऑफ अपलायड साइंसिज में एक गैस्ट लैक्चर दीपन रविकांत ने विद्यार्थियों समेत विभिन्न प्रकार के विज्ञान और तकनीक से संबंधित अन्य सरकारी परियोजनाओं संबंधित चर्चा की गई।

संस्था के कार्यकारी निर्देशक गुरकीरत सिंह ने कहा कि देश के महान विज्ञानी डा. सी.वी. रमन द्वारा की गई रमनप्रभाव की खोज ने दुनिया को एक महान योगदान दिया था और इस दिन को याद रखने के लिए राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

पारदर्शी पदार्थ में से गुजरने पर प्रकाश की किरणों में आने वाले बदलाव पर की गई इस महत्वपूर्ण खोज को रमन प्रभाव का नाम दिया गया था। इस समारोह का मुख्य मंतव्य विज्ञान के क्षेत्र में विकास के लिए नई तकनीकों को लागू करना और विज्ञानी रूप से विचारवान विद्यार्थियों को मौके प्रदान करना है।



गुलजार कालेज के डायरेक्टर गुरकीरत सिंह व अन्य विद्यार्थियों के प्रोजैक्ट का निरीक्षण करते हुए। (कमल)

PUNJAB KESARI 01/3/20 (4)

## National Science Day organised




National Science Day was organised in GGI at CV Raman block in the GGI campus. The students showcased their talent in science, mathematics and technology. Departments of applied sciences, engineering, management and professional studies of Gulzar Group of Institutes, organised the project exhibition through models and posters. The exhibition provided information on initiatives and activities of students. Distinct venues were allotted for the display of projects. As one entered the reception area itself, one could feel the pulse and the magnitude of the event. Excellent poster making on various concepts of science and technology were displayed.

THE TIMES OF INDIA
01/3/20 (2)

National Science Day 2020

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS * KHANNA-LUDHIANA *

## International Women Day Celebration

**Snapshot**




# महिला सशक्तिकरण की शुरूआत घर से ही होती है : अपनीत रयात

## गुलजार कालेज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाएं सम्मानित

लुधियाना, ९ मार्च (विक्की): गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूट्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर गुरु नानक भवन लुधियाना में बुरे हालातों में भी कठिनाइयों का सामना करते हुए बेहतरीन प्रदर्शन करके सफलता हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण और इसका भविष्य विषय पर एक सैमीनार का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था में एक महिला के योगदान, महिला के हक और उनके सही उपयोग, ग्रामीण महिलाओं के जीवन और उनके मानवीय हकों के हनन जैसे गंभीर विषय भी इस सैमीनार का हिस्सा बने। इस समागम में लुधियाना के एडीशनल डिप्टी कमिश्नर अपनीत रयात ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान एक पावर प्रैजेंटेशन के माध्यम से एक महिला के बचपन से लेकर उम्र भर के सफर को खूबसूरत तरीके से पेश किया गया।

### ये महिलाएं हुई सम्मानित

मृदला जैन एम.डी. सिंघोड़ा टैक्सटाइल, डा. मनप्रीत कौर एम.डी. दीप नर्सिंग, विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली करमीत कौर, लुधियाना लेडीज क्लब की संस्थापक हरप्रीत कौर सोई प्रमुख थी।

### मुख्य मेहमानों के विचार

उक्त महिलाओं को सम्मानित करते एडीशनल डिप्टी कमिश्नर अपनीत रयात ने कहा कि किसी भी महिला के सशक्तिकरण की शुरूआत घर से होती है इसलिए लिंग का भेदभाव का खात्मा घर से शुरू हो जाए तो बाहर भी इसका बड़े स्तर पर सकारात्मक असर पड़ेगा। वहीं गुलजार ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर इंजीनियर गुरकीरत सिंह ने कहा कि आज की महिला मां, बहन, बेटी, पत्नी होने के फर्ज पूरे करने के साथ-साथ एक प्रोफैशनल जीवन भी जी रही है। गुलजार ग्रुप के चेयरमैन गुरचरण सिंह ने कहा कि हम सभी को यह समझ लेना चाहिए कि आदमी और महिला एक गाड़ी के दो पहिए हैं और एक-दूसरे के सहायक हैं इसलिए अगर समाज ने तरक्की करनी है तो महिलाओं को अपने बराबर हर स्तर पर साथ लेकर चलना होगा।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देती छात्राएं।



दीप प्रज्वलित करके समारोह की शुरूआत करती ए.डी.सी. अपनीत रयात, साथ हैं गुरकीरत सिंह व अन्य।

**International Women Day Celebration 2017**




**International Women Day Celebration 2020**

# Labor Day Celebration

**Snapshot**



गुरकीरत सिंह अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

## 'हर काम की इज्जत करो, भले ही कितना भी छोटा हो' थीम दिखा मनाया मज़दूर दिवस

खन्ना, 2 मई (आहूजा): खन्ना के गुलजार ग्रुप में मजदूर दिवस मनाया गया। इस दौरान जहां छात्रों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर मनोरंजक प्रोग्राम पेश किए, वहीं भविष्य के इंजीनियरों व मैनेजरों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके रोजमर्रा के कार्यों में हाथ बंटाया इस दौरान कैंपस में 'हर काम की इज्जत करो, भले ही कितना भी छोटा हो' थीम तले एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिस दौरान हाथों से काम करने वाले मजदूरों व कर्मियों का समाज की सृजना में योगदान संबंधी प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही मई दिवस का इतिहास शेयर करते हुए 1 मई के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस खास दिवस को समर्पित कर्मचारियों का यादगारी दिन बनाने के लिए कर्मचारियों के लिए कुछ रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया। इस समागम में कालेज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह ने अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

International Labor Day Celebration 2017



कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए प्रबंधक।

## मज़दूर दिवस के अवसर पर कर्मचारियों को किया सम्मानित

लुधियाना, 1 मई (सुधीर अग्निहोत्री): गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटस में मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जहां छात्रों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर मनोरंजक प्रोग्राम पेश किए वहीं भविष्य के इंजीनियरों व मैनेजरों ने कर्मचारियों के साथ मिलकर उनके रोजमर्रा के कार्यों में हाथ बंटाया। इस दौरान कैंपस में –हर काम की इज्जत करो, भले ही कितना भी छोटा हो– थीम तले एक प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिस दौरान हाथों से काम करने वाले मजदूरों व कर्मियों का समाज की सृजना में योगदान संबंधी प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही मई दिवस का इतिहास शेयर करते हुए 1 मई के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस खास दिवस को समर्पित कर्मचारियों का यादगारी दिन बनाने के लिए कर्मचारियों के लिए कुछ रोचक खेलों का आयोजन भी किया गया, जिनमें एक मिंट में लस्सी पीना, एक मिंट में केले खाना, विभिन्न रंगों की गेंदों को एकत्र करना व मूंह से चाकलेट उठाना आदि शामिल थे। इस समागम में कालेज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह ने अच्छा कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित भी किया।

AJIT SAMACHAR 2/5/18 (9)

International Labor Day Celebration 2018

# International Yoga Day Celebration


**Snapshot**



बुधवार WEDNESDAY 22 जून 2016

खन्ना केसरी

International Yoga Day Celebration 2016





International Yoga Day Celebration 2021

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS KHANNA-LUDHIANA

# Independence Day Celebration

**Snapshot**



ਗੁਲਜ਼ਾਰ ਗਰੁੱਪ ਦੇ ਡਾਇਰੈਕਟਰ ਐਗਜ਼ੈਕਟਿਵ ਗੁਰਕੀਰਤ ਸਿੰਘ ਆਜ਼ਾਦੀ ਦਿਵਸ ਮੌਕੇ ਝੰਡਾ ਲਹਿਰਾਉਣ ਦੀ ਰਸਮ ਅਦਾ ਕਰਦੇ ਹੋਏ। ਤਸਵੀਰ : ਗੱਗੀ

**Independence Day Celebration 2016**

## गुलजार ग्रुप में उत्साह से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**देश की तरक्की में योगदान डालने की विद्यार्थियों ने उठाई शपथ**

खन्ना, 16 अगस्त (हरीश/मैनरो) : गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूटस में 73वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह तथा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुलजार ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरैक्टर गुरकीरत सिंह ने संस्थान परिसर में झंडा फहराया। समूह स्टाफ ने इस अवसर पर देश भक्ति के गीत गाए। शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए गुलजार ग्रुप के चेयरमैन गुरचरन सिंह ने कहा कि हमें उन देश भक्तों के दिखाए मार्ग पर चलना चाहिए जिन्होंने देश के लिए अपनी जान गवाने से पहले एक बार भी नहीं सोचा। गुलजार ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरैक्टर गुरकीरत सिंह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि पंजाब ने देश की अजादी के लिए सबसे ज्यादा योगदान दिया है। समारोह के अंत में राष्ट्रीय गीत गाया गया और सारे विद्यार्थियों में मिठाई भी बांटी गई ।



गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूटस के विद्यार्थी आजादी दिवस पर झंडा फहराने की रसम अदा करते हुए।

DAINIK SAVERA 17/8/19 (4)

**Independence Day Celebration 2019**

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS KHANNA-LUDHIANA

## Teacher Day Celebration

**Snapshot**

# गुलज़ार ग्रुप में विद्यार्थियों ने मनाया अध्यापक दिवस





▸ समारोह में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देते अध्यापक। (मंगत)

खन्ना, 5 सितंबर (हरीश गुप्ता) : स्थानीय जी.टी. रोड पर स्थित इलाके की प्रमुख शैक्षणिक संस्था गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूट्स के विद्यार्थियों द्वारा स्टाफ मैंबरों के साथ डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित एक समागम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा की गई एक्टीविटी ने समारोह को रोचक बना दिया। इस दौरान जहां विद्यार्थियों ने अध्यापकों को भाव प्रकट करते हुए अपने हाथों से बने हुए कार्ड भेंट किए, वहीं मैनेजमैंट द्वारा उन विद्यार्थियों को तोहफे के तौर पर पढ़ने के लिए विभिन्न तरह की किताबें बांटी गईं।

### संगीत व खेल मुकाबले ने समारोह को बनाया रोचक

इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा स्टेज पर कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। माहौल को हलका फुलका करते हुए विद्यार्थियों की तरफ से अपने अध्यापकों को अलग-अलग तरह के कई खूबसूरत नाम भी दिए गए। गुलजार ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह ने समूह विद्यार्थियों और स्टाफ मैंबरों द्वारा किए गए इस प्रयास की भरपूर प्रशंसा करते हुए सभी को अध्यापक दिवस की बधाई दी। समारोह के अंत में विद्यार्थियों और स्टाफ ने दोपहर का खाना इकट्ठे खाकर गुरु-शिष्य के रिश्ते को और मजबूत किया।



DAINIK SAVERA 6/9/19 (9)

---

**Teacher Day Celebration 2019**

# गुलजार ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

खन्ना, 5 सितंबर (सन्नी, हरीश) : गुलजार ग्रुप आफ इंस्टीच्यूटस, खन्ना के स्टाफ और विद्यार्थियों व स्टाफ ने अध्यापक दिवस पर मिलकर खूनदान कैंप का आयेजन किया । इस खूनदान कैंप 236 विद्यार्थियों व स्टाफ मैबरों ने रक्तदान किया । चेयरमैन गुरचरण सिंह ने इस मौके खूनदान करने वाले विद्यार्थियों और स्टाफ मैबरों की प्रशंसा करते हुए खूनदान महादान के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा के लिए खूनदान से बड़ा और कोई भी पवित्र काम नहीं हैं। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह ने इस अवसर पर एक अच्छे अध्यापक के लिए उच्च चरित्र, पढ़ाने के अच्छे तरीके, पढ़ाई की नई तकनीकें व टीम वर्क जैसे विषयों बारे विचार व्यक्त किए। गुरकीरत सिंह ने कहा कि खूनदान कैंप का



**टीचर डे मौके पर रक्तदान करते स्टाफ मैबर।**

एक और उद्देश्य विद्यार्थियों को खूनदान के फायदों से जागरूक करवाना भी है ताकि वह आगे भी खूनदान करें व अपने दोस्तों व रिश्तेदारों को भी खूनदान महादान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने इस दौरान खूनदान करने वाले खूनदानियों को सर्टीफिकेट देकर स मानित भी किया।

---

**Blood Camp on Teacher Day Celebration 2017**

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS KHANNA-LUDHIANA

## Engineer Day Celebration

**Snapshot**

# गुलजार ग्रुप ने इंजीनियर दिवस मनाया

जासं, खन्ना : गुलजार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स खन्ना द्वारा सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया के जन्म उत्सव को इंजीनियर दिवस के रूप में विद्यार्थियों में तकनीकी मुकाबलों के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कैंपस में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में क्विज व पोस्टर मेकिंग मुकाबले करवाए गए। इसके साथ ही विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को पेश करता एक रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया गया।

ग्रुप के चेयरमैन गुरचरन सिंह मुख्य मेहमान के तौर पर उपस्थित थे। सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया पर उन्होंने कहा कि वे एक महान इंजीनियर हुए, जिन्होंने न केवल अपनी काबीलियत के बल पर दुनिया भर लोहा मनवाया, बल्कि भारत के विकास में भी अहम योगदान डाला। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुरकीरत सिंह ने बताया कि योगदान के लिए मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। यह दिन उनकी देश को महान देन के लिए मनाया जाता है।



खुद का मनाया मॉडल दिखाते इंजीनियरिंग के विद्यार्थी • जागरण

DAINIK JAGRAN 15/9/19 (7)

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में क्विज व पोस्टर मेकिंग मुकाबले करवाए







विभिन्न माडल बनाते विद्यार्थी तथा प्रतिभागी विद्यार्थियों को सर्टीफिकेट देते आयोजक। (मंगत)

खन्ना, 14 सितंबर (हरीश-मैनरो) : गुलजार ग्रुप आफ इंस्टिट्यूटस में सर मोकशागुनदम विश्व आरिया के जन्मोत्सव को समर्पित इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में तकनीकी मुकाबले करवाए गए। कैंपस में इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों में क्विज व पोस्टर मेकिंग मुकाबले करवाए गए। वहीं स्टूडेंट्स ने रंगारंग कार्यक्रम भी पेश किया। ग्रुप के चेयरमैन गुरचरन सिंह मुख्य मेहमान के तौर पर उपस्थित थे। चेयरमैन गुरचरन सिंह ने कहा कि सर मोकशागुनदम एक महान इंजीनियर हुए, जिन्होंने न केवल अपनी काबलियत के सिर पर दुनिया भर में अपना लोहा मनवाया, बल्कि भारत के विकास में भी अहम योगदान डाला। एग्जिक्युटिव डायरैक्टर गुरकीरत सिंह ने बताया कि सर मैकसागुनदम को भारत रतन से सम्मानित किया गया व यह दिन उनकी देश को महान देन देने के लिए मनाया जाता है। विद्यार्थियों ने जहां रंगारंग कार्यक्रम में प्रतिभा दिखाई वहीं मुकाबलों में उनके बनाए माडल आकर्षित रहे।

DAINIK SAVERA 15/9/19 (4)

**Engineer Day Celebration 2019**

## World Student Day Celebration

**Snapshot**

# Two-day celebrations of World Students' Day concludes at GGI




DP CORRESPONDENT
*Ludhiana*

World Students' Day celebrations concluded at Gulzar Group of Institutes. More than 1875 students and 30 institutions from Khanna and Ludhiana participated in the event to grow along the longitude and offer unimaginable prospects to reach the zenith of technical perfection through various self-created technical events, mind-boggling quiz contests and nerve-wracking competitions. Computer Wizkids, Evergreen Mechanical Engineers, Robotics is the future, Solid civil structures, Electro Electrical Wizkids were the sub themes of the events.

Gurkirat Singh, Director Executive Gulzar Group said that the key objective of this fest was to provide a platform to students to showcase their accomplishments in the field of technology, literary and fine arts. It provided a podium to compete with each other to prove their technological and creative excellence, participating in competitions based on various genres such as gaming, racing, extempore sessions, quiz contests, designing, drawing, heena applying, painting and many other things. While motivating the students he said that such events are very important for the holistic development of the students. Besides, such events enhance competition skills.

Chairman of GGI Gurcharan Singh announced scholarships for students from surrounding region who scored more than 80 percent marks. He encouraged the students to be more professionally educated and skillful for their proper employment and overall development of the region.

During the cultural extravaganza, students participated in classical dance, bhangra, solo songs, kashmiri songs, western dance.

Fun games included water fill, golf, skipping, balance bowls, dart, archery, balloon and spoon race. Amazing events were witnessed by the students.

In the end, there was prize distribution ceremony. Winners of various games were given cash reward and trophies.

**World Student Day Celebration 2016**

### डा. कलाम को समर्पित 2 दिवसीय विश्व छात्रदिवस सम्पन्न

# छात्रों ने भारतीय सभ्याचारक कार्यक्रम पेश कर खूबसूरत झलक को किया पेश

खन्ना, 17 अक्तूबर (कमल): भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा. अब्दुल कलाम के जन्मदिवस को समर्पित विश्व छात्रदिवस को साइंस व सभ्याचार के रंग में हुआ 2 दिवसीय समागम समाप्त हो गया।

इस समागम में दूसरे दिन 30 स्कूलों के 1875 छात्रों में विभिन्न कैटेगिरियों में सख्त मुकाबले हुए। इस अवसर पर स्कूली छात्रों व गुलजार ग्रुप द्वारा पेश किए गए माडल आकर्षण का केन्द्र रहे। इसके अलावा स्टेज पर छात्रों द्वारा ग्रुप व सिंगल डांस व भारतीय सभ्याचारक नाच अपनी खूबसूरत झलक पेश करते दिखे। सभी स्कूलों के छात्रों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी परंतु अंत में ओलिम्पियाड में गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने पहली पोजिशन हासिल की। टी-शर्ट पेंटिंग में सरगोधा पब्लिक स्कूल, टेट्र मेकिंग में गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रंगोली में ननकाना पब्लिक स्कूल समराला,



गुलजार ग्रुप में हुए समारोह के दृश्य। (कमल)

ग्राफ्टी में जी.आई. स्कूल, मेहंदी में जी.जी.आई, गुरु नानक पब्लिक स्कूल ने पहली पोजिशन हासिल की। इसी तरह 50 के करीब कैटेगिरियों में छात्रों ने ईनाम हासिल किए।

इस अवसर पर विजयी छात्रों को ईनाम वितरित करते हुए गुलजार ग्रुप के डायरेक्टर एग्जीक्यूटिव गुरकीरत सिंह ने पूर्व राष्ट्रपति डा. अब्दुल कलाम को समर्पित स्कॉलरशिप शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 80 प्रतिशत से अधिक अंक लेने वाले छात्रों को यह स्कॉलरशिप दी जाएगी, भले ही वे किसी भी वर्ग से संबंधित हों।

गुरकीरत सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि इस ईवेंट का मुख्य उद्देश्य गांवों, कस्बों व शहर के स्कूलों में पढ़ रहे टैलेंट को ढूंढना था ताकि योग्य छात्रों को आगे आने के लिए प्लेटफार्म मिल सके। इसके साथ ही गुरकीरत सिंह ने खेलों में अच्छी कारगुजारी करने वाले छात्रों के लिए स्पैशल स्कॉलरशिप की घोषणा भी की।

PUNJAB KESARI · 18/10/18 (4)

**World Student Day Celebration 2018**

GULZAR GROUP OF INSTITUTIONS KHANNA-LUDHIANA